Mann Ki Baat

Since 2014, Hon'ble PM, Shri Narendra Modi addresses the nation every month through his flagship radio programme, 'Mann Ki Baat'. The first episode of Mann Ki Baat was aired on 3rd October 2014, and it gradually became a nationwide ritual which inspires millions of people to play an active part in the developmental journey of India.

The programme, the first experiment of its kind, will be marking its continued success with its 100th episode in April 2023 and will be unfurling unlimited possibilities in the times to come, while creating a dialogue and a creative stir in governance.

Through the vast network of 'All India Radio' the Prime Minister of India reaches a vast spectrum of the socio-economically and culturally diverse populace, and inspires and energizes them on not just social, cultural, and economic issues but challenging problems that the world is facing today such as climate change, waste management, etc. All India Radio is the largest radio network and broadcasting organization in the world, with a network of 262 radio stations. It is accessible in 23 languages and 146 dialects catering to the remotest of regions in the nation. A craftily curated booklet, with key highlights of the Prime Minister's address, is also published each month since February 2022, which reaches over 6 crore people virtually.

The programme has been conceived and implemented around the idea of citizen engagement and participation. Right from the name of the programme to the choice of topics for each episode and calls to action, Janbhagidari is ensured. The primary objective of Mann Ki Baat is to build a direct connect between the Prime Minister of India and its citizens. Since its inception, Mann Ki Baat has emerged as an effective tool of *Jan Andolan* catalyzing social movements involving communities across the lengths and breadth of the nation.

With Mann Ki Baat, the Prime Minister has successfully established a mechanism to take schemes and policies to the people at every level and generate awareness about the same. In addition to this, he strives to highlight the success stories of various schemes, and governance practices from the grass-root levels to motivate more people to become a beneficiary. Even during times of crisis, the programme has played an important role in informing people about the developmental measures taken by the government. For instance, during COVID-19, the Prime Minister took to Mann Ki Baat to spread awareness about the Pradhan Mantri Garib Kalyan Ann Yojana aimed at providing free foodgrains to over 80 crore people whose livelihoods were affected by COVID. This way Mann Ki Baat has become an important platform for generating awareness on Good Governance.

Furthering the vision of building self-reliant, New India, the Mann Ki Baat programme is focused on highlighting the national and global successes of the nation, urging people to participate in the nation's development, while instilling a sense of pride, belonging and nationalism in the citizens. In the 32nd episode, the Prime Minister congratulated the people and public servants of Reasi Block in Jammu and Kashmir for becoming an Open-Defectation free state under the Swachh Bharat Campaign. Such examples showcase how Mann Ki Baat is not just a radio programme, but a reflection of India's holistic development.

Apart from highlighting various aspects of governance, Prime Minister also educates the masses on various topics of importance through Mann Ki Baat. Topics like health, sports, innovation, environment, clean energy etc. are few to mention. For example, in the 95th episode of Mann Ki Baat aired on 27th November 2022, Prime Minister talked about Muscular Dystrophy, an inherited disorder that causes progressive loss of muscle mass, and highlighted the institute that has been working to spread awareness around the disease. Quite often, he also talks about global issues and increases the awareness as well as curiosity among the listeners on the topic.

One of the most important facets of Mann Ki Baat is that it is a programme that is designed to reach out to listeners even in the remotest of regions and inspire action. Very often, the Prime Minister highlights the inspiring success stories of common citizens of India who have brought about a wave of change in their region by taking actionable measures towards the collective success of the nation. These stories serve as excellent examples to motivate people and inspire so many others to take small steps towards building a better India for today and tomorrow.

Over successive episodes, the social messages delivered by the Prime Minister in the program have started to become a social media trend in a matter of few hours as well as a mass movement (*janandolan)* in a matter of few weeks. Swachh Bharat Abhiyan, Beti Bachao Beti Padhao, COVID Vaccination and Har Ghar Tiranga are just a few examples of this.

The programme is also centered around connecting people with their roots through highlighting traditional Indian culture, art, and heritage. Yoga and Ayurveda have found mention in the programme quite often, thus, fostering their growing popularity. The show has also, time and again, highlighted the rich architecture, art and culture and traditions of India. For example, in the 87th episode, the Prime Minister highlighted the importance of step wells as he talked about Bansilal Pet Kuan of Secunderabad, further urging people to conserve and revive these heritage sites.

Mann ki Baat is a unique programme, bringing the government closer to the citizens by establishing an effective two-way channel of communication. Every month, the Prime Minister receives a plethora of letters from across the nation, which he sheds light upon during the programme. It is also not an uncommon practice for the PM to have telephonic conversations with the people during the show. Such a mode of communication between the elected leader and the masses plays a significant role in strengthening people's belief in democracy and governance.

Throughout its successful course of 99 episodes (99th episode telecast on 26th March 2023) spanning over 8 years, the programme has played a pivotal role in nation-building. The Prime Minister often uses this unique monthly address to spread knowledge and awareness about India's rich cultural heritage and traditions, and various governance practices. Covering a wide range of themes which include social, economic, technological, financial, infrastructural, historical and cultural.

Mann Ki Baat is a unique initiative of the Prime Minister of India to take public communication to a whole new level. It is a first-of-its-kind radio show that runs on the ideas, aspirations, hopes, and contributions of the people of India and contribute towards building the New India. Standing tall on the principles of transparency, accountability, innovation, experimentation, and citizen participation, Mann Ki Baat is indeed a new paradigm of governance, continuously evolving to meet the complex challenges of the present time, and constantly working to create a brighter future for India.

Department of Posts is delighted to issue Commemorative Postage Stamp on Mann Ki Baat and salutes its spirit of making every Indian informed, proud and connected with its true essence and contributing to nation building.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure /Cancellation Cachet	:	Smt. Nenu Gupta
Text	:	Based on information provided by the Ministry of Information and Broadcasting.



मन की बात

वर्ष 2014 से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, प्रमुख रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक माह देश को संबोधित करते हैं। मन की बात का प्रथम एपिसोड 3 अक्तूबर, 2014 को प्रसारित हुआ और धीरे–धीरे यह कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी परंपरा बन गया, जो लाखों लोगों को भारत के विकास के सफर में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

अपने आप में अनूठे इस कार्यक्रम का अप्रैल 2023 में 100वां एपिसोड प्रसारित होगा, जो इसकी सतत सफलता का प्रतीक है। यह एतिहासिक क्षण, संवाद का मंच बनने के साथ–साथ शासन तंत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगा और आने वाले समय में असीमित संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा।

आकाशवाणी के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री विभिन्न सामाजिक–आर्थिक वर्ग के साथ–साथ विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों तक अपनी बात पहुंचाते हैं और न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर उनसे रूबरू होते हैं, बल्कि आज के दौर की उन चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी चर्चा करते हैं, जो आज पूरे विश्व के लिए ज्वलंत मुद्दे हैं, जैसे जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि। आकाशवाणी, विश्व का विशालतम रेडियो नेटवर्क एवं प्रसारण संगठन है। इसके नेटवर्क के अंतर्गत 262 रेडियो स्टेशन शामिल हैं। 23 भाषाओं और 146 बोलियों के साथ इसकी पहुंच देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक फैली है। फरवरी, 2022 से माननीय प्रधानमंत्री के भाषण के मुख्य बिंदुओं को एक खूबसूरत बुकलेट के रूप में प्रतिमाह प्रकाशित किया जाता है, जिसकी सशक्त पहुंच वर्चुअल रूप में 6 करोड़ लोगों तक है।

मन की बात कार्यक्रम की संकल्पना एवं कार्यान्वयन जनसंवाद और जनभागीदारी के सिद्धांत पर आधारित है। इस कार्यक्रम के नाम से लेकर प्रत्येक एपिसोड के लिए विषयों के चयन और किसी भी काम के लिए आह्वान तक सभी में, जनभागीदारी सुनिश्चित की जाती है। मन की बात का मुख्य उद्देश्य भारत के नागरिकों का देश के प्रधानमंत्री के साथ सीधे संवाद का जरिया तैयार करना है। शुरुआत से ही यह कार्यक्रम जन आंदोलन का एक मुख्य माध्यम बन कर उभरा है, जिसने देशभर से विभिन्न वर्गों को शामिल करते हुए अनेक सामाजिक आंदोलनों को बल दिया है।

प्रधानमंत्री महोदय ने मन की बात कार्यक्रम को, विभिन्न सरकारी स्कीमों और योजनाओं के बारे में प्रत्येक वर्ग के लोगों को जानकारी देने और उन्हें जागरूक बनाने के तंत्र के रूप में विकसित किया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री महोदय द्वारा विभिन्न योजनाओं के संबंध में सफलता की कहानियों के साथ–साथ शासन प्रणाली के बारे में आधारभूत बातें बताने के लिए भी इस कार्यक्रम का प्रयोग किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम ने संकट के समय में भी सरकार द्वारा किए गए विकास संबंधी उपायों के बारे में आम जनता को सूचित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के तौर पर कोविड–19 महामारी के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से ही लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बारे में जागरूक किया। इस योजना का उद्देश्य 80 करोड़ से अधिक ऐसे लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करवाना था, जिनकी आजीविका कोविड–19 महामारी के कारण प्रभावित हुई थी। इस प्रकार सुशासन के बारे में जन–जागरूकता लाने हेतु मन की बात एक मुख्य प्लेटफॉर्म बन रहा है।

आत्मनिर्भर, नए भारत के निर्माण के विजन को आगे बढ़ाते हुए, मन की बात कार्यक्रम देश और विदेश में भारत की कामयाबी की कहानियां बयां करता है। यह लोगों को देश के विकास में भागीदारी करने के लिए प्रेरित करने के साथ–साथ उनमें गर्व, आत्मीयता और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करता है। इस कार्यक्रम के 32वें एपीसोड में प्रधानमंत्री महोदय द्वारा जम्मू एवं कश्मीर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत खुले में शौचमुक्त राज्य बनने पर रियासी ब्लॉक के लोगों और लोक सेवकों को बधाई दी गई। ऐसे उदाहरण यह सिद्ध करते हैं कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से शासन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित करने के अलावा, प्रधानमंत्री महोदय द्वारा आमजन को अनेक अन्य महत्वपूर्ण विषयों जैसे स्वास्थ्य, खेलकूद, नवोन्मेष, पर्यावरण, स्वच्छ ऊर्जा आदि के बारे में भी जानकारी दी जाती है। उदाहरण के लिए, 27 नवम्बर, 2022 को प्रसारित मन की बात के 95वें एपिसोड में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) नामक आनुवंशिक रोग पर चर्चा की गई, जिसमें मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। प्रधानमंत्री महोदय द्वारा उस संस्थान का भी जिक्र किया गया, जो इस रोग के बारे में जागरुकता लाने के लिए प्रयासरत है। माननीय प्रधानमंत्री प्रायः वैश्विक मुद्दों पर चर्चा कर अपने श्रोताओं को उस विषय से अवगत कराने के साथ–साथ उसके संबंध में उनकी जिज्ञासा को भी बढ़ाते हैं।

मन की बात के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक यह है कि यह कार्यक्रम इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह देश के दूर–दराज के क्षेत्रों के श्रोताओं तक पहुंच बनाकर उन्हें प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री महोदय अधिकतर भारत के उन आम नागरिकों की सफलता की प्रेरणामयी कहानियों को रेखांकित करते हैं, जिनके द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत बदलाव की लहर आई, जोकि राष्ट्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध हुई। सफलता की ये कहानियां अन्य लोगों को प्रेरित करने के साथ–साथ वर्तमान और भविष्य के बेहतर भारत के निर्माण के लिए छोटे–छोटे कदम बढ़ाने को भी प्रोत्साहित करती हैं।

एपिसोड–दर–एपिसोड प्रधानमंत्री द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया सामाजिक संदेश मात्र कुछ घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड और कुछ ही हफ्तों में जन–आंदोलन का रूप ले लेता है। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कोविड टीकाकरण और हर घर तिरंगा इसके कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण हैं।

यह कार्यक्रम, परंपरागत भारतीय संस्कृति, कला और विरासत को रेखांकित करते हुए लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने पर भी केन्द्रित है। इस कार्यक्रम में प्रायः योग और आयुर्वेद का उल्लेख किया जाता है, जिससे उनकी बढ़ती लोकप्रियता को और बल मिलता है। इस कार्यक्रम में अनेक बार भारत की समृद्ध वास्तु–शैली, कला एवं संस्कृति और परंपराओं को भी रेखांकित किया गया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री महोदय ने इस कार्यक्रम के 87वें एपिसोड में सिकंदराबाद के बंसीलाल पेट कुआं के बारे में बताते हुए बावड़ियों के महत्व को रेखांकित किया और इन विरासती स्थलों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार के लिए लोगों से आग्रह किया।

मन की बात, संवाद के प्रभावी द्विपक्षीय माध्यम (टू वे चैनल) को स्थापित कर नागरिकों को सरकार से रूबरू कराने वाला एक अनूठा कार्यक्रम है। माननीय प्रधानमंत्री को प्रति माह देशभर से ढेरों पत्र प्राप्त होते हैं, जिनके बारे में वे इस कार्यक्रम के दौरान बात करते हैं। साथ ही अनेक बार वे कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं से फोन पर भी बात करते हैं। एक चुने हुए नेता और जनसाधारण के बीच संचार का ऐसा माध्यम, लोकतंत्र और शासन व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

8 वर्ष से अधिक की अवधि में 99 एपिसोड (99वां एपिसोड 26 मार्च, 2023 को प्रसारित हुआ) के सफल प्रसारण ने राष्ट्र–निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री महोदय द्वारा इस अनूठे मासिक संबोधन कार्यक्रम के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परम्पराओं के साथ–साथ विभिन्न शासकीय प्रणालियों के बारे में जागरुकता एवं जानकारी का प्रचार–प्रसार किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी, वित्तीय, अवसंरचनागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जैसे विविध विषय शामिल किए जाते हैं।

मन की बात, जनता के साथ संवाद को पूर्णतः नए स्तर पर ले जाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की एक अनूठी पहल है। यह अपने आप में ऐसा पहला रेडियो कार्यक्रम है, जो भारत के लोगों के विचारों, आकांक्षाओं, आशाओं और योगदान पर आधारित है तथा नए भारत के निर्माण में सहयोगी है। पारदर्शिता, जबावदेही, नवोन्मेष, प्रायोगिक परीक्षण और जन भागीदारी के सिद्धांतों पर आधारित मन की बात कार्यक्रम वास्तव में सुशासन का एक नया आदर्श उदाहरण है, जो वर्तमान समय की जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर रूपांतरित होते भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रयासरत है।

डाक विभाग 'मन की बात' कार्यक्रम पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है और प्रत्येक भारतीय को जानकार एवं गौरवान्वित बनाते हुए और आमजन को राष्ट्र की मूल भावना से जोड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में इसके एतिहासिक योगदान को नमन करता है।

आभार :

डाक–टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण कैशे : श्रीमती नीनू गुप्ता

पाठ : सूचना और प्रसारण मंत्रालय से प्राप्त सामग्री के आधार पर

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500 पैसे
Denomination	:	500 p
मुद्रित डाक–टिकटें	:	302400
Stamps Printed	:	302400
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00